संख्या:179/2022/606/35-4-2022/001-35-4099/40/2022

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आगरा।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 17 जून, 2022

विषय : वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में जनपद-आगरा में विधान सभा क्षेत्र-फतेहपुर सीकरी में राजकीय आई0टी0आई0,तहसील किरावली, ब्लाक अछनेरा, ग्राम अभेदोपुर,आगरा के भवन निर्माण कार्य की त्वरित आर्थिक विकास योजना से शासनादेश संख्या-01/2021/01/35-4-2021, दिनांक 04 जनवरी, 2021 द्वारा स्वीकृति निर्गत करते हुये भवन निर्माण कार्य की अनुमोदित लागत रू. 1200.75 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू. 300.18 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। तत्पश्चात शासनादेश संख्या-249/2021/2031/35-4-2021 दिनांक 24 नवम्बर,2021 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु द्वितीय किश्त के रूप में रू. 300.18 लाख, कुल मिलाकर रू. 600.36 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

2- तदोपरान्त जिलाधिकारी के पत्र संख्या-774/अर्थ एवं संख्या/त्व0आ0वि0यो0/2020-21 दिनांक 31 मार्च,2022 द्वारा राजकीय आई0टी0आई0 के भवन निर्माण कार्य की लागत में मिट्टी की लागत को सम्मिलित करते हुए कार्य की लागत को पुनरीक्षित किये जाने का अनुरोध किया गया था। तत्क्रम में शासनादेश संख्या-155/2022/521/35-4-2022/001-35/4099/40/2022 दिनांक 07 जून,2022 के साथ पठित शासनादेश सं0-170/2022/582/35-4-2022/001-35-4099/40/2022 दिनांक 15 जून, 2022 द्वारा कार्य की लागत को रू. 1231.87 लाख पर पुनरीक्षित किया गया है।

3- जिलाधिकारी, आगरा द्वारा पत्र सं0-01/अर्थ एवं संख्या/त्व0आ0वि0यो0/2020-21 दिनांक 01 अप्रैल,2022 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु उक्त शासनादेशों से पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपभोग होना इंगित किया गया है। एतदद्वारा उपर्युक्त शासनादेशों द्वारा स्वीकृत कार्य की लागत के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि रू. 600.36 लाख को समायोजित करते हुए तृतीय किश्त के रूप में पुनरीक्षित लागत रू. 1231.87 लाख के सापेक्ष देय धनराशि रू. 307.97 लाख (रूपये तीन करोड़ सात लाख सत्तानबे हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

कार्य	पुनरीक्षित अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
राजकीय आई0टी0आई0, विधान सभा क्षेत्र-फतेहपुर सीकरी, तहसील किरावली, ब्लाक अछनेरा, ग्राम अभेदोपुर आगरा का भवन निर्माण कार्य	1231.87	600.36	307.97

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 04 जनवरी,2021, 24 नवम्बर, 2021 एवं 07 जून,2022 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 3,07,97,000 (रूपये तीन करोड़ सात लाख सत्तानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में **अनुदान संख्या-40** के **लेखा शीर्षक** 4250002030 302 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन निर्माण के चालू कार्य **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक- 07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

संख्या:179/2022/606/35-4-2022/001-35-4099/40/2022, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल।
8- निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10- मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आगरा।
12- गार्ड फाईल।
13- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
14- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, आगरा।
15- अधिशाषी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आगरा।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।